# सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा, उत्तराखंड

परीक्षा नियंत्रक कार्यालय, प्रशासनिक भवन, सोबन सिंह जीना परिसर, अल्मोड़ा– 263601

परीक्षा नियंत्रक

www.ssju.ac.in Email- coessju@gmail.com

पत्रांक संख्या : SSJU/Exam/2023/1546 दिनांक 09.01.2023

सेवा में,

अधिष्ठाता प्रशासन परिसर/परिसर नोडल अधिकारी पिथौरागढ, बागेश्वर/प्राचार्य समस्त संबद्ध महाविद्यालय, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर एवं चंपावत जनपद,
सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।

महोदय/महोदया,

परीक्षा विभाग, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा द्वारा दिनांक 05–09–2022 को निर्गत पत्र (पत्र संलग्न) के बिन्दु संख्या– 03 को माननीय कुलपति जी के अनुमोदनोपरांत निम्नवत संशोधित किया जाता है–

**पूर्णतः उत्तीर्ण परीक्षार्थियों के अतिरिक्त सम सेमेस्टर से विषम सेमेस्टर मे प्रवेश हेतु (तृतीय/पंचम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु) ऐसा अभ्यर्थी भी अर्ह होगा, जिससे सम सेमेस्टर के संयुक्त परीक्षाफल (प्रथम और द्वितीय अथवा तृतीय और चतुर्थ सेमेस्टर) के अन्तर्गत परीक्षार्थी ने कुल प्रश्नपत्रों के आधे प्रश्नपत्रों में निर्धारित न्यूनतम से अधिक प्राप्तांक अर्जित किये हों।**

**अतः बिन्दु सं 03 को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाये, और विद्यार्थियों को उक्तवत प्रवेशित किया जाये।**

**नोट–** यह व्यवस्था केवल सत्र 2021–22 विषम सेमेस्टर (प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर) में प्रवेशित विद्यार्थियों हेतु ही प्रभावी रहेगी। तत्पश्चात पूर्ववत नियम प्रभावी होगा। इस व्यवस्था को भविष्य हेतु दृष्टान्त न माना जाये।

साथ ही मा0 कुलपति महोदय के आदेशानुसार, शैक्षिक सत्र 2022–23 में स्नातक तृतीय सेमेस्टर/स्नातक पंचम सेमेस्टर/स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर/स्नातक द्वितीय वर्ष/स्नातक तृतीय वर्ष में प्रवेश दिए जाने की अंतिम तिथि को दिनांक– 16.01.2023 तक विस्तारित किया जाता है।

परीक्षा नियंत्रक
Controller Of Examination
Soban Singh Jeena University
Almora-263601
(Uttarakhand)

प्रतिलिपि–

1. कुलसचिव, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोडा।
2. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक

# सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा, उत्तराखंड

परीक्षा नियंत्रक कार्यालय, प्रशासनिक भवन, सोबन सिंह जीना परिसर, अल्मोड़ा– 263601

परीक्षा नियंत्रक

www.ssju.ac.in Email- coessju@gmail.com

दिनांक 05.09.2022

शैक्षणिक सत्र 2022–23 से प्रथम बार नई शिक्षा नीति NEP के अन्तर्गत स्नातक पाठ्यक्रमों के नवीन प्रवेश संचालित हो रहे हैं और नवसृजित विश्वविद्यालय तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों के सीमित संसाधनों के आलोक में यह समीचीन है कि विगत वर्ष तक जारी पुराने स्नातक अध्यादेशों के अन्तर्गत प्रवेश लिए हुए विद्यार्थीगण यथासंभव समय से परीक्षाओं में सम्मिलित होकर गुणवत्ता के साथ अपनी उपाधि प्राप्त कर सकें। इस उद्येश्य से संस्था के व विद्यार्थियों के हित में विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक पुराने पाठ्यक्रम के प्रोन्नति नियमों में निम्न संशोधन प्रस्तावित किए जाते हैं–

1. कोई विद्यार्थी जो सत्र 2021–22 की स्नातक प्रथम अथवा तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाओं में सम्मिलित हुआ है, को द्वितीय/चतुर्थ सेमेस्टर में सशर्त प्रोन्नत कर दिया जाएगा ताकि वह द्वितीय/चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाओं में प्रतिभाग कर सके, परन्तु इस प्रकार प्रोन्नत होने से उसका पूर्ववर्ती सेमेस्टर के प्रश्नपत्रों में अर्जित परीक्षाफल अप्रभावित तथा यथावत रहेगा।

2. सत्र 2021–22 में स्नातक प्रथम सेमेस्टर/तृतीय सेमेस्टर में परीक्षा में सम्मिलित हुए परीक्षार्थी का उसके अगले सम सेमेस्टर (द्वितीय/चतुर्थ सेमेस्टर) की परीक्षाओं के उपरान्त संयुक्त परीक्षाफल उस स्थिति में–

   (क) "उत्तीर्ण" अंकित किया जाएगा जहां उसने दोनों सेमेस्टर (प्रथम और द्वितीय अथवा तृतीय और चतुर्थ) के प्रत्येक विषय में निर्धारित न्यूनतम से अधिक प्राप्तांक अर्जित किए हों, अथवा

   (ख) "अनुत्तीर्ण" अंकित किया जाएगा जहां उसने दोनों संबंधित सेमेस्टर (प्रथम और द्वितीय अथवा तृतीय और चतुर्थ) के किसी एक अथवा अधिक विषय में न्यूनतम से कम प्राप्तांक अर्जित किए हों।

3. पूर्णतः उत्तीर्ण परीक्षार्थियों के अतिरिक्त, सम से विषम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु (तृतीय/पंचम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु) ऐसा अभ्यर्थी भी अर्ह होगा जिसके सम सेमेस्टर के संयुक्त परीक्षाफल (प्रथम और द्वितीय अथवा तृतीय और चतुर्थ) के अन्तर्गत परीक्षार्थी ने कुल प्रश्नपत्रों के दो तिहाई प्रश्नपत्रों में निर्धारित न्यूनतम से अधिक प्राप्तांक अर्जित किए हों।

4. सत्र 2021–22 के पुराने पाठ्यक्रम के स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण/असम्मिलित किसी विद्यार्थी, यदि इच्छुक हो, को वर्ष 2022–23 से आरंभ किए जा रहे NEP के नवीन स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश का अवसर सीटों के अवशेष रहने पर उपलब्ध रहेगा।

| संकायाध्यक्ष | संकायाध्यक्ष | संकायाध्यक्ष | संकायाध्यक्ष | परीक्षा नियंत्रक/ |
|---|---|---|---|---|
| कला संकाय | विज्ञान संकाय | वाणिज्य संकाय | दृश्यकला संकाय | अध्यक्ष प्रवेश समिति |